राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राष्ट्रीय ''शिवजन्मोत्सव 2025'' आयोजित

बिड़ला सभागार में शिवाजी जयंती मनाई गई

नीतिपूर्वक शासन और राष्ट्र स्वाभिमान के प्रतीक थे शिवाजी – राज्यपाल

जयपुर, 19 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिवाजी ने भारत में नीतिपूर्वक राज्य ही नहीं किया बल्कि प्रजा हित में उन पर लगने वाले करों का सरलीकरण किया और खेती को बढ़ावा देते हुए राष्ट्र समृद्धि के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी राष्ट्र स्वाभिमान के अप्रतिम वह मराठा शासक थे, जिन्होंने मुगलों को चुनौती देते हुए उनका वीरता से मुकाबला किया।

राज्यपाल बुधवार को बिड़ला सभागार में राष्ट्रीय शिवजन्मोत्सव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिवाजी के शौर्य की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने मुगल शासकों के धर्मांतरण को रोकने के साथ ही अन्याय और अनाचार रोकने में महती भूमिका निभाई।

राज्यपाल ने कहा कि धर्मांतरण नहीं करने पर गुरु गोबिंद देव के पुत्रों जोरावर सिंह और फतेहसिंह को दीवार में चिनवा दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पर निरंतर हमले हुए पर शिवाजी जैसे वीरों के कारण संस्कृति और स्वाभिमान बचा रहा। उन्होंने लार्ड मैकाले द्वारा भारत में अंग्रेजी शिक्षा के जरिए इतिहास की विकृत जानकारियां पढ़ाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि देश की संस्कृति संरक्षण के साथ बच्चों की बौद्धिक क्षमता के विकास हेतु सभी मिलकर कार्य करें।

इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे ने शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों का स्मरण किया।